# Mehai Technology Limited

(Formerly Known as Mehai Technology Private Limited)

**CIN: L74110RJ2013PLC066946**


Date: 16.11.2022

**To,**
**BSE Limited**
**Compliance Department**
**Phiroze Jeejeebhoy Towers**
**Dalal Street,**
**Mumbai-400001**
**Maharashtra**

**Ref: Security Code: 540730**
**Security Id: MEHAI**

**Dear Sir/ Madam,**

**Sub: Newspaper Advertisement of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half-Year ended September 30, 2022**

In continuation of our letter dated 14th November, 2022, please find attached scan copies of the newspaper advertisement in English in Indian Express (All India) - Jaipur edition and in Hindi in Seema Sandesh – Jaipur edition published today viz., November 16, 2022 relating to extract of unaudited standalone and consolidated financial results for the quarter and half-year ended September 30, 2022.

Please take the above on record and kindly treat this as compliance with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Thanking You

Yours Faithfully,

For **Mehai Technology Limited**

BHAGAT JUGAL KISHORE

Digitally signed by BHAGAT JUGAL KISHORE
Date: 2022.11.16 14:31:36 +05'30'

**Jugal Kishore Bhagat**
**Managing Director**
**DIN: 02218545**

**Encl:** As above

## » न्यूज-ब्रीफ



### ब्यावर में होने वाले राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में जायेंगे शिक्षक नेता

**धौलपुर (सीमा सन्देश सं)।** राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन अजमेर के ब्यावर में 25 और 26नवम्बर 2022 को आयोजित किया जायेगा। राजस्थान शिक्षक संघ राधाकृष्णन के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश लोधा ने बताया कि इस संगठन का दो दिवसीय राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन अजमेर जिले में ब्यावर रेलवे स्टेशन के पास में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय छावनी में आयोजित किया जायेगा।जिसमें धौलपुर जिले के कई पदाधिकारी सहभागिता करेंगे। इस राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन में शिक्षक, शिक्षा और शिक्षार्थी की शैक्षिक समस्याओं के हलों पर विचार विमर्श किया जायेगा।इसके साथ साथ ही शिक्षकों पर बढ़ते हुए गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति दिलाने, निष्पक्ष,पारदर्शी एवं स्थायी स्थानांतरण नीति लागू करवाने, संगठन की नीति रीति पर चर्चा, सत्रवार विभागीय पदोन्नति करने एवं डार्क जोन वाले जिलों से प्रतिबंध हटाने आदि पर जोर दिया जायेगा।



### भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी ने बयाना गेट में बस्ती सम्पर्क अभियान में किया दौरा

**वैर (सीमा सन्देश सं)।** बयाना गेट स्थित सैनी अथाई पर भाजपा का बस्ती सम्पर्क अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा (प्रयागराज) उ.प्र. की अणिमा सोनकर ने भाग लिया ।एससी मोर्चा अध्यक्ष महीपाल जादो ने शॉल उड़ाकर व पुष्प गुच्छा भेंट कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला प्रभारी मदन गोपाल, नगरपरिषद अलवर के पूर्व चेयरमैन अशोक खन्ना, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष दुर्गेश बूटौलिया ने भाग लिया । राष्ट्रीय मिडिया प्रभारी अनुसूचित जाति मोर्चा की अणिमा सोनकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते भारत सरकार द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जिसमें किसान सम्मान समृध्दि योजना, उज्जवला योजना, खाद्य सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना , हर घर घर शौचालय की योजना आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन डॉ उमेश गोयल ने किया ।इस अवसर पर डॉ कमलकांत सैनी, राघवेंद्र सैनी, राखी लाल, सतीश प्रजापति, पूरन महावर, सूखा फौजदार अनूप कुमार वाल्मीकि, अशोक, नानक, रामबाबू जाटव, तेजा राम जाटव, गिरधारी लाल पुष्प,बनयसिंह जाटव आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### श्री रामलीला मण्डल कमेटी की बैठक आयोजित

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** श्री रामलीला मण्डल कमेटी (रजि०) की बैठक का आयोजन कस्बे के कचहरी परिसर स्थित श्री रामलीला मंच पर अध्यक्ष रमेश चंद सुरोलिया की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण होने पर चर्चा करते हुए कमेटी की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से एड. कमलेश मीणा को अध्यक्ष चुना गया। जबकि भुरेलाल गुर्जर को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, रमाकांत शर्मा व बालकिशन शर्मा को उपाध्यक्ष, लालाराम सैन को महामंत्री, पवन कंसल को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। वहीं राजेश कुमार ढ़ोढू को संयोजक, महेन्द्र शर्मा को सह संयोजक, रतन लाल राय को व्यवस्थापक, पप्पु पांचाल व शशीकांत गौत्तम को प्रचार मंत्री एवं गौरव शर्मा, कैलाश चंद सैन एवं नितिन जोशी को संगठन मंत्री बनाया गया है।

# सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

कोटपूतली। निकटवर्ती ग्राम जगदीशपुरा स्थित एक निजी बीएड कॉलेज में ब्लॉक कोटपूतली के संस्था प्रधानों का सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।



मंगलवार को शिविर के दूसरे दिन एसडीएम ऋषव मण्डल व सीडीपीओ सत्यपाल यादव ने शिविर का अवलोकन किया। एसडीएम ने कहा कि संस्था प्रधानों से सुरक्षित एवं समावेशी शिक्षा का वातावरण विद्यालयों में स्थापित कर लिंग विभेदता को दूर करने का प्रयास करना चाहिए। विद्यालयों के शैक्षिक वातावरण को उत्तम बनाया जाकर बालकों के सर्वांगीण विकास पर जोर देने के प्रयास की जरूरत है। शिविर प्रभारी सुरेश चंद यादव ने बताया कि शिविर में 81 संभागी भाग ले रहे हैं। शिविर में दक्ष प्रशिक्षक द्वारा विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीबीईओ भागीरथ मीणा व एसीबीईओ दयाराम चौरडिया ने अतिथियों का साफा पहनाकर व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान कॉलेज के निदेशक शेरसिंह यादव, कृष्ण कुमार, जयसिंह, व्याख्याता सत्यवीर सिंह यादव, प्राचार्य रजकेश खारडिया, आरपी राजेन्द्र सैनी, व्याख्याता प्रवीण यादव, हंसराज यादव, पीईईओ, यूसीईओ सहित 81 संस्था प्रधान मौजूद रहे। संचालन राजेंद्र कुमार सैनी ने किया।



## एक दिवसीय दौरे पर टोंक पहुंचे पायलट

**टोंक, (सीमा संदेश सं.)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं टोंक विधायक सचिन पायलट मंगलवार को टोंक विधानसभा क्षैत्र में एक दिवसीय दौरे पर रहे।जयपुर से सीधे टोंक पहुचने के बाद पायलट ने गत दिनो राजस्थान वरिष्ठ नागरिक बोर्ड के सदस्य एवं कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आत्माराम गोयल के निधन पर उनके निवास पर गये तथा स्व. गोयल के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उनके पुत्र एड. राजेन्द्र गोयल, दिनेश गोयल सहित परिवारजनो को ढांढस बधाया। इस मौके पर विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, मसूदा विधायक राकेश पारीक,टोंक प्रभारी महेंद्र सिंह खेड़ी, पूर्व विधायक कमल बैरवा, नगर परिषद सभापति अली अहमद, कांग्रेस निवर्तमान जिलाध्यक्ष लक्ष्मण गाता, दिनेश चौरासिया, मणिकांत गर्ग, जर्रार खान, रामलाल संडीला, हंसराज गाता, धर्मेंद्र सालोदिया, नईमुद्दीन अपोलो अव शहजाद, अ. खालिक खान, शिवपाल खंडवा, सलीम नकवी, देवकरण गुर्जर आदि मौजूद थे।

**सुने अभाव अभियोग, समस्या समाधान का किया वादा** : तत्पश्चात पायलट मसूदा विधायक पारीक,सभापति अली अहमद, लक्ष्मण गाता सहित अन्य कांग्रेस नेताओ के साथ ग्राम राधावल्लभपुरा, ग्राम खरेड़ा, ग्राम पंचायत गणेती के ग्राम बीबोलाव एवं ग्राम पंचायत गोपालपुरा में विभ्भीन्न कार्यक्रमो में भाग लेकर विकास कार्यो का शिलान्यास किया और ग्रामीणों की समस्याएं सुनने के साथ ही उनका निस्तारण करने का आश्वासन दिया। इस दौरान पायलट का ग्रामीणों ने जगह जगह स्वागत भी किया।

# कामां थाने में निकला गुहेरा, पुलिसकर्मियों में मची भगदड़

**कामां (सीमा सन्देश सं)।** कामां थाना परिसर में पुलिसकर्मियों सहित थाने पर मौजूद लोगों में अचानक उस समय भगदड़ मच गई जब थाने परिसर स्थिति थानाधिकारी के निवास में गुहेरा निकल आया और इधर उधर भागने लग गए और वन विभाग को सूचना दी गई लेकिन इतने ही एक व्यक्ति ने मौके पर पहुंचकर गुहेरा को पकड़ लिया।



उल्लेखनीय है कि सोमवार शाम को भरतपुर पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने थानाधिकारियों की स्थानांतरण सूची जारी की थी। जिसमे कामां थानाधिकारी दौलत साहू को डीग थानाधिकारी लगाया गया है और कामां में कोतवाली थाना अधिकारी रामकिशन को लगाया गया है।मंगलवार सुबह के समय थानाधिकारी दौलत साहू अपने निवास से सामान को खुलवा रहे थे। उस समय अचानक एक गुहेरा जिसकी पूछ एसी में फसी हुई थी वह जोर-जोर से झटपटाने लगा। ऐसी मिस्त्री ने तत्परता दिखाते हुए थानाधिकारी सहित अन्य लोगों को इसकी सूचना दी तब एक पुलिसकर्मी ने अंदर जाकर देखा और गुहेरा पकड़ने वाले युवक को बुलाया गया। उसने जैसे ही गुहेरा की पूछ को अउ से निकाला तो वह भागने का प्रयास करने लगा। गुहेरा को पकड़ने आए युवक ने उसे एक हाथ से ही पकड़ लिया और उसे जंगल में पुलिसकर्मियों की मौजूदगी में छोड़ दिया गया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन यादव ने बताया कि छोटे आकार का गुहेरा बहुत जहरीला होता है यह प्राणघातक भी है। छोटे आकार के गुहेरा से लोगों को सावधानी बरतनी चाहिए। वन विभाग टीम को सूचना मिली तब तक टीम मौके पर पहुंची गुहेरा को पकड़ कर जंगल में छुड़वा दिया गया था।

## पूर्व राज्यपाल सत्यपाल मलिक आज आएंगें कोटपूतली

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** जम्मु-कश्मीर से धारा 370 हटाने वाले व पश्चिमी बंगाल, गोवा व मेघालय के पूर्व राज्यपाल चौधरी सत्यपाल मलिक बुधवार को कोटपूतली आयेगें।युवा नेता अनिल जाट ने बताया कि मलिक का दिल्ली से जयपुर जाते वक्त ग्राम सांगटेडा स्टैण्ड पर ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत व अभिनंदन किया जायेगा। उल्लेखनीय है कि मलिक किसान आन्दोलन के दौरान केन्द्र सरकार के विरूद्ध दिये गये अपने बयानों को लेकर बेहद मुखर व चर्चित रहे है। राज्यपाल पद से कार्यकाल पूर्ण होने के बाद वे पुनः किसान राजनीति की ओर अपने कदम बढ़ा रहे है। इसी क्रम में उनका राजस्थान दौरा प्रस्तावित है। मलिक का कोटपूतली समेत पावटा, शाहपुरा आदि जगहों पर भी जोरदार स्वागत किया जायेगा।



# ग्राम खेड़की वीरभान में स्वास्थ्य कैम्प आयोजित

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** निकटवर्ती ग्राम खेड़की वीरभान में मंगलवार को बीसीएमओ डॉ. हरि यादव के नेतृत्व में मेरा स्वास्थ्य मेरी जिम्मेदारी थीम पर स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर सभी परिवारों को योजना से जोड़ना है, ताकि सभी परिवारों को 10 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा का लाभ मिल सकें।

राज्य के वे परिवार जो निःशुल्क पात्र परिवारों की श्रेणी में नहीं आते एवं सरकारी कर्मचारी/पेंशनर नहीं है तथा मेडिकल अटेंडेंस रूल के तहत लाभ नहीं ले रहे है वे निर्धारित प्रीमियम का 50 प्रतिशत अर्थात 850 रुपए प्रति परिवार प्रतिवर्ष का भुगतान कर योजना का लाभ ले सकते है। वहीं शिविर में मुख्यमंत्री निःशुल्क दवा एवं जाँच योजना के तहत 56 महिला, 88 पुरूष व 30 बच्चों समेत कुल 174 मरीजों को लाभान्वित किया गया।

शिविर में आने वाले मरीजों एवं आमजन को मौसमी बीमारियों के बचाव, मच्छर जनित बीमारी, आरबीएसके कार्यक्रम के तहत बच्चों की स्क्रीनिंग, गैर संचारी रोगों की जानकारी पहचान एवं उपचार किया गया। इस दौरान डॉ. अनुज अग्रवाल, सचिन शर्मा, विरेन्द्र यादव, सुरेश यादव समेत अन्य स्टॉफ मौजूद रहा। बुधवार को ग्राम सुन्दरपुरा में कैम्प का आयोजन होगा।

## साम्प्रदायिक सद्भाव की प्रतीक मजार करीदी पर वार्षिक उर्स आयोजित



**धौलपुर (सीमा सन्देश सं)।** उपखंड बाड़ी में सरमथुरा रोड पर 33 केवी बिजली घर के पास मुस्लिमो का धार्मिक स्थल वक्फ मजार करीदी स्थित है । जिस पर मंगलवार की शाम वार्षिक उर्स का आयोजन किया गया। राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएम शाह की निवेदन पर जिला प्रशासन द्वारा स्थानीय प्रशासन से वार्षिक उर्स के आयोजन को लेकर व्यापक व्यवस्थाओं के इंतजाम करने के निर्देश दिए थे।

ऐसे में पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में वार्षिक उर्स का शांतिपूर्ण रुप से संपन्न हुआ है। राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम बॉक्स के सदस्य मुन्ना खान ने बताया हर वर्ष सरमथुरा रोड स्थित हिंदू और मुस्लिम संप्रदाय के सद्भाव के प्रतीक इस मजार पर वार्षिक उर्स के रूप में धार्मिक आयोजन होता है लेकिन पिछले दो वर्ष से कोरोना महामारी के चलते यह आयोजन बंद था। ऐसे में इस बार राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ जयपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से उर्स के आयोजन की अपील की गई। जिस पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसएम शाह ने धौलपुर जिला कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर उर्स को आयोजित कराने का निवेदन किया। जिस पर धौलपुर कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने बाड़ी कोतवाली से एसएचओ महेंद्र सिंह के नेतृत्व में जाप्ता लगाकर और मजार की साफ सफाई कराकर उर्स आयोजन की तमाम व्यवस्था की। इस दौरान जहां मजार पर चादर पोशी की गई वही भोग प्रसादी का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान बड़े बुजुर्ग लियाकत खान के साथ रविंद्र कुमार अजर, विजेंद्र पोसवाल,समीर खान, शाहरुख खान, वीरेंद्र प्रताप सिंह अजर, राजेंद्र हॉटलाइन सहित तमाम हिंदू-मुस्लिम संप्रदाय के धर्मप्रेमी मौजूद रहे।



## रक्तदान शिविर का आयोजन

**कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व जिला एवं सैशन न्यायाधीश हरेन्द्र सिंह के निदेर्शानुसार राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एडीजे प्रथम भारत भूषण शर्मा के निर्देशन में एम्पावरमेंट ऑफ सिटिजन्स थ्रु लीगल एवेयनेस एण्ड आउटरीच कैम्पेन एवं हक हमारा भी तो है आजादी ञ्च 75 अभियान के तहत मंगलवार को कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ०5 युनिट रक्त संग्रहण हुआ। इस दौरान डॉ. जयदयाल, डॉ. महेश गौड़, मनोज, प्रकाश चन्द, आदित्य शर्मा आदि मौजूद रहे। वहीं सोमवार को पोक्सो अधिनियम से संबंधित मामलों के पीड़ित बच्चों को विधिक सहायता उपलब्ध करवाने हेतु पीएलवी दीक्षा शर्मा द्वारा ग्राम पंचायत सरूण्ड स्थित भगवती शिक्षण संस्थान में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।पीएलवी द्वारा प्रचार प्रसार हेतू पैम्पलेट आदि वितरित कर बालकों को उनके विधिक अधिकारों एवं उन्हें उपलब्ध विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूक किया गया। आमजन में पोक्सो अपराध से पीड़ित बच्चों के विधिक अधिकारों एवं उन्हें उपलब्ध विधिक सेवाओं के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER RSAMB DIV. HANUMANGARH**

No: 1245-1292 **NOTICE INVITING BID-06/2022-23** Date: 09.11.2022

Bids for Constt. of (Remaining work) Toilets (Ladies & Gents) at AD Agri.(Ext.) Hanumangarh Jn. & Constt. of Residential Quarter of Nursery Manager at Rajhans Unit fruit farm Sriganganagar as Rs. 12.16 & 25.30 Lakhs respectively are invited from interested Biders upto 6:00Pm of Dated 01.12.2022 other particulars of the bids may be visited on the procurement portal (http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in) of the state and http://agriculture.rajasthan.gov.in/rsamb departmental website UBN: AGM2223WSOB00665 to 666.

Raj.Samwad/C/10289/2022-23 **EXECUTIVE ENGINEER**



**कार्यालय नगरपालिका लालगढ़ जाटान जिला श्रीगंगानगर**

क्रमांकः निर्माण/ई–निविदा/2022–23/2549 दिनांक : 03.11.2022

**ई–निविदा सूचना संख्या : 35/2022–23**

नगरपालिका लालगढ़ जाटान के द्वारा पालिका क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु नगरपालिका लालगढ़ जाटान कार्यालय के विभिन्न श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों व अन्य विभागों में पंजीकृत संवेदकों से नियमानुसार सक्षम श्रेणी पंजीकृत निर्धारित प्रपत्र में ई–टेण्डरिंग प्रक्रिया द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। NIB Code No. DLB2223

| | |
|---|---|
| कुल कार्यो की संख्या | 1 |
| अनुमानित लागत (लाखों में) | 10.46 |
| Publishing date & Time | 09.11.2022 at 2.00 Pm |
| Bid document downloading start date & time | 09.11.2022 at 02.00 Pm |
| Web site for downloading tender document | http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in |
| Tender Document submission start date & time | 09.11.2022 at 02.00 Pm |
| Tender Document download and submission End date & time | 22.11.2022 at 04.00 Pm |
| Tender Opening Date &Time | 23.11.2022 at 01.00 Pm (Municipal Board Lalgarh Jattan) |
| Bid Validity Period | As per RTPP Act-2012, Rule 2013 |

UBN No. DLB2223

उक्त निविदा प्रपत्रों को उपर्युक्त वर्णित वेबसाईट से डाउनलोड किया जा सकता है।

राज.संवाद/सी/22/10251 अधिशाषी अधिकारी अध्यक्ष


क्रेशर बंद हुए तो बढ़ जाएगा अपराध, फैल जाएगी बेरोजगारी

# क्रेशर बंद करने को लेकर संतों की चेतावनी के बाद किन्नरों ने भी भरी हुंकार

**कामां (सीमा सन्देश सं)।** उत्तर प्रदेश के मान मंदिर बरसाना के संतो ने क्रेशर बंद करने को लेकर दी गई आंदोलन की चेतावनी के बाद लगातार विरोध शुरू हो गया है। कामां ब्रज क्षेत्र के सप्तम पीठाधीश्वर जगतगुरु वल्लभाचार्य बृजेश कुमार महाराज ने क्रेशर बंद करने का विरोध जताते हुए क्रेशरो का संचालक चालू रखने की अपील के बाद व्यापार महासंघ ने भी खुले शब्दों में क्रेशरो के संचालन का समर्थन किया था।

जिसके बाद अब किन्नर समाज भी मैदान में आ गया है और किन्नर समाज में खुले शब्दों में क्रेशर बंद करने का विरोध जताते हुए हुंकार भरी है।अब कामां का किन्नर समाज भी क्रेशर बंद करने वाले संतों का विरोध कर रहा है। किन्नर समाज का कहना है कि, आदिबद्री और करकांचल पर्वतों में खनन बंद करवाने में हम संत समाज के साथ थे। लेकिन अब संत क्रेशर बंद करवाने की मांग पर अड़े हुए हैं, अगर क्रेशर बंद हो गए तो बेरोजगारी बढ़ेगी। शिवानी बाई किन्नर और काजल किन्नर का कहना है कि, यूपी से आकर संत समाज कामां में राजनीति कर रहा है। संत समाज ने क्रेशर बंद करवाने के लिए एक दिसंबर से आंदोलन की चेतावनी दी है।

अगर क्रेशर बंद हुए तो बेरोजगारी बढ़ेगी। बेरोजगारी बढ़ने के बाद अपराध भी बढ़ेगा। पहले संत समाज ने आदिबद्री और करकांचल पर्वतों में खनन को लेकर आंदोलन किया गया था। जिसमें पूरी जनता संत समाज के साथ थी, लेकिन अब क्रेशर बंद करवाने की मांग बिल्कुल गलत है।जो क्रेशर चल रहे हैं, वह लीगल हैं, क्रेशर संचालक खनन नहीं कर रहे तो उन्हें क्यों हटाया जाए, क्रेशर पर तो सिर्फ पत्थर कटिंग का काम किया जा रहा है। उसके बाद भी संत समाज क्रेशर बंद करवाने की मांग पर अड़ा हुआ है। जिसका किन्नर समाज पुरजोर विरोध कर रहा है।



### स्थानीय संतों का नहीं चाहते क्रेशर बंद हो

सप्तम पीठाधीश्वर जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज के बयान के बाद यह स्पष्ट होता है कि स्थानीय संत समाज महंत क्रेशरो विरोध में नहीं है स्थानीय संत समाज के लोग यह चाहते हैं कि क्षेत्र में रोजगार चलता रहे क्रेशर बंद होने के बाद क्षेत्र में बेरोजगारी उत्पन्न हो जाएगी।जगतगुरु वल्लभाचार्य महाराज ने तो सीधा सीधा यहां तक कह दिया कि मैं कोई चालू बाबाजी नहीं हूं पीठाधीश्वर हूं।जो लीगल कार्य चल रहा है उसे चलते रहने देना चाहिए क्षेत्र में क्रेशरो से ही लोगों को रोजगार मिल रहा है।

### हजारों लोगों को मिला है रोजगार

क्रेशरो के संचालन से मध्यम वर्ग के हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है क्रेशरो पर मजदूरी कर रहे लोगों के साथ साथ ट्रांसपोर्टरों, दुकानदारों, टायर पंचर वाले, गाड़ी मिस्त्री, सहित अन्य हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त हो रहा है।


**MEHAI TECHNOLOGY LIMITED**

(Formerly known as Mehai Technology Private Limited) **Regd Office :** B-40, Sudarshanpura Industrial Area (extension); Jaipur-RJ -302006 **Corporate Office :** Unit No. 708, 7th Flr, ECO Centre, Block-EM-4 Sector-V, Salt Lake,Kolkata-700091, West Bengal • **CIN:** L74110RJ2013PLC066946 • **Phone :** 91-9836000343 • **Email id :** cs@mehai.co.in • **Web :** www.mehaitech.co.in **Rs. (in Lakh)**

**Extract of Unaudited Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Half-Year ended on 30th September, 2022**

| | Particulars | Standalone | | | | | | Consolidated | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter ended Sept. 30, 2022 | Quarter ended June 30, 2022 | Quarter ended Sept. 30, 2022 | Half Year ended Sept. 30, 2022 (Year to date for Current period) | Half Year ended Sept. 30, 2021 (Year to date for Current period) | For the year ended on March 31, 2022 | Quarter ended Sept. 30, 2022 | Quarter ended June 30, 2022 | Quarter ended Sept. 30, 2022 | Half Year ended Sept. 30, 2022 (Year to date for Current period) | Half Year ended Sept. 30, 2021 (Year to date for Current period) | For the year ended on March 31, 2022 |
| | | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Unaudited | Audited |
| 1. | Total Income from Operations (net) | 66.27 | 84.08 | 72.78 | 150.35 | 177.59 | 604.67 | 85.65 | 84.08 | 72.78 | 169.73 | 177.59 | 604.67 |
| 2. | Profit/(Loss) before Exceptional Items & Extraordinary Items & Tax | 4.17 | 5.32 | 9.98 | 9.49 | 21.99 | 36.46 | 5.07 | 5.32 | 9.98 | 10.38 | 21.99 | 36.46 |
| 3. | Net Profit / (Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items | 4.17 | 5.32 | 9.98 | 9.49 | 21.99 | 36.46 | 5.07 | 5.32 | `9.98 | 10.38 | 21.99 | 36.46 |
| 4. | Net Profit / (Loss) from Ordinary Activities after tax | 3.12 | 3.98 | 7.26 | 7.10 | 16.28 | 27.04 | 3.79 | 3.98 | 7.26 | 7.75 | 16.28 | 27.04 |
| 5. | Total Comprehensive Income for the period | 3.12 | 3.98 | 7.26 | 7.10 | 16.28 | 27.04 | 3.79 | 3.98 | 7.26 | 7.75 | 16.28 | 27.04 |
| 6. | Paid up Equity Share Capital (Rs.10/- per share) | 1071.00 | 1071.00 | 1071.00 | 1071.00 | 1071.00 | 1071.00 | 1073.00 | 1071.00 | 1071.00 | 1073.00 | 1071.00 | 1071.00 |
| 7. | Earnings per share (a) Basic (b) Diluted | 0.03 0.03 | 0.04 0.04 | 0.07 0.07 | 0.07 0.07 | 0.15 0.15 | 0.25 0.25 | 0.04 0.04 | 0.04 0.04 | 0.07 0.07 | 0.07 0.07 | 0.15 0.15 | 0.25 0.25 |

Notes: 1. The above is an extract of the detailed format of Financial Results filed with Stock Exchanges under Regulation 33 of SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results is available on the Stock Exchanges Website (www.bseindia.com) and on Company's website (www.mehaitech.co.in).

2. The said Financial Results were reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company in its meeting held on 14.11.2022.

Date : 14-11-2022
Place : Jaipur

For, MEHAI TECHNOLOGY LIMITED
SD/-
MANAGING DIRECTOR